हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, 14 अक्टूबर, 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

14 लोक निर्माण मंत्री ने नगर पालिका के नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन



14 समाज को मानवता के सूत्र में पिरोता है रक्तदान



## खबर संक्षेप

### बस स्टेंड से 10 ग्राम हेरोइन सहित एक काबू

**हिसार।** एबीवीटी पुलिस टीम ने बस स्टेंड गेट से एक व्यक्ति को काबू कर उससे 10 ग्राम हेरोइन बरामद की है। एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान सिविल अस्पताल मोड़ पर तैनात थी, तभी सूचना के आधार पर बस स्टेंड पर उक्त युवक के होने की सूचना मिली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बस स्टेंड गेट से एक व्यक्ति को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम पीरांवाली निवासी बलबीर सिंह बताया। तलाशी लेने पर बलबीर सिंह के कब्जे से एक पॉलिथीन की थैली में 10 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके उस पर थाना शहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया।

### नगर निगम बैठक 29 को, मांगे एजेंडे

**हिसार।** नगर निगम में साधारण सभा की बैठक 29 अक्टूबर को बुलाई गई है। इसमें सभी पार्षदों से सुझाव मांगे गए हैं ताकि हाउस की बैठक में विभिन्न पार्षदों द्वारा दिए गए एजेंडें रखे जा सकें। नगर निगम ने मेयर प्रवीण पोपली के निर्देशों पर सभी 20 निर्वाचित व 3 मनोनीत पार्षदों को 29 अक्टूबर की बैठक बारे सूचना दे दी है।

### शांति निकेतन स्कूल में गतिविधियों का आयोजन

**आदमपुर।** शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में छात्रों की रचनात्मकता और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एटीएल इंचार्ज प्रवीण कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इनोवेशन से संबंधित विविध गतिविधियों को अंजाम दिया। छात्रों ने लाइव सत्र के माध्यम से नवीन विचारों को व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत करने का अनुभव प्राप्त किया। स्कूल परिसर में तकनीकी जिज्ञासा और सृजनात्मकता का अनोखा संगम देखने को मिला।

### विजेता खिलाड़ियों का किया स्वागत एवं सम्मान

**आदमपुर।** गांव दड़ौली के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 58वीं राज्य स्तरीय स्कूली कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता खिलाड़ी भारती, अंजलि, दीपिका, साइना, अनुष्का, अनु का स्वागत एवं सम्मान किया गया। प्राचार्य प्रकाश चंद्र सुथार ने बताया कि ग्राम पंचायत दड़ौली के सरपंच मनोज डूडी, राजबीर हुड्डा, विरेन्द्र मंडेरना, सुरेन्द्र सोनी, सुनील जांगड़ा सहित सभी शैक्षिक सटाफ सदस्यों व अन्य गणमान्य द्वारा विजेता खिलाड़ियों और कोच विनोद कुमार, नरेश का मालाओं तथा पगड़ी पहनाकर सम्मान किया।

## फेस्टिवल सीजन को देखते पुलिस प्रशासन ने कसी कमर

# शहर में 10 नाके व 9 पेट्रोलिंग रूट पर पुलिस की टीमें तैनात

*मार्केट में आज से चौपहिया वाहनों का प्रवेश रहेगा वर्जित*

*त्योहारी समय में पुलिस ने किए गए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध*

**अतिक्रमण से निपटने के लिए नगर निगम प्रशासन ने विशेष टीमें गठित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

फेस्टिवल सीजन को देखते शहर के प्रमुख बाजारों में भीड़भाड़ बढ़ने लगी है। जैसे-जैसे दीपावली पर्व नजदीक आएगा, भीड़ बढ़ाती जाएगी। ऐसे में प्रमुख बाजारों खासकर राजगुरु मार्केट में यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती रहेगी। इसी देखते पुलिस प्रशासन एक्टिव मोड़ में आ गया है। जिला पुलिस ने त्योहारी समय को देखते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। इसके तहत विभिन्न स्थानों पर 10 नाके व 9 प्रेट्रोलिंग रूट लगाए गए हैं। सभी नाकों और पेट्रोलिंग पार्टियां 14 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से प्रभावी रहेंगे। उधर, अतिक्रमण से निपटने के लिए नगर निगम प्रशासन ने विशेष टीमें गठित की है।

शहर सबसे व्यस्त राजगुरु मार्केट और जिले में ट्रैफिक व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए है। पुलिस ने यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए बाजार के मुख्य मार्गो पर 10 पुलिस के नाके गुलाब सिंह चौक, गांधी चौक, तेलियान पुल चौक, मदन कुल्फी कट, पारिजात चौक, पड़ाव चौक, नागोरी गेट, राम चाट भंडार के सामने, सिटी थाना पार्किंग और श्रवण चप्पल स्टोर के सामने टी प्वाइंट पर लगाए गए, जहां से मार्केट में चार पहिया वाहनों का प्रवेश वर्जित होगा। इसके साथ ही आमजन की सुरक्षा के लिए मार्केट में 9 पुलिस पेट्रोलिंग के रूट बनाए गए है जिन पर पुलिस की पैदल गश्त पार्टियों की भी नियुक्ति की गई ह, जो मार्केट में गस्त के साथ असमाजिक तत्वों पर भी नजर रखेंगे ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।



राजगुरु मार्केट।

### चारपहिया वाहनों यहां पर रहेगी पार्किंग व्यवस्था

प्रबंधों के तहत मार्केट में चार पहिया वाहनों का प्रवेश वर्जित किया जाएगा। मार्केट में खरीददारी करने आने वाले नागरिकों के साथ दुकानदारों के लिए पार्किंग की भी व्यवस्था भी की गई है। पार्किंग के लिए के लिए ग्रोवर मार्केट, रैड स्कवेयर मार्किट, ग्रीन स्कवेयर मार्केट और नजदीक थाना शहर के सामने के स्थान को चिन्हित किया गया है। मार्केट में आने वाले नागरिक और दुकानदार इन जगहों पर अपने वाहन पार्क कर सकेंगे। सभी नाकों और पेट्रोलिंग पार्टियां कल 14 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से प्रभावी रहेंगे।

### अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि पुलिस प्रबंध का मुख्य उद्देश्य आमजन के जान मॉल की रक्षा करना, धार्मिक सद्भावना और कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखना है। त्योहारी समय में आमजन बाजारों में खरीददारी करते है और बाजारों में काफी भीड़ रहती है। कुछ असामाजिक तत्व इसका फायदा उठाने को फिराक में रहते है। इस त्योहारी समय पर मुख्य बाजारों में भीड़ के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस सुरक्षा प्रबन्ध किया गया है। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

**एसपी की आमजन से अपील**



*पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि त्योहारी समय में सिविल अस्पताल से लेकर जिंदल चौक तक सड़क पर कोई भी दुपहिया, चोपहिया और भारी वाहन पार्क न करें, अन्यथा उन्हें खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सड़क पर पार्क की गई गाड़ियों को उठाने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा क्रेन की व्यवस्था की गई है। थाना प्रभारी यातायात को निर्देश दिए गए है कि वाहनों को लेन सिस्टम से चलाएं। आमजन भी अपने वाहनों को सही ढंग से निश्चित की गई पार्किंग में पार्क करें और त्योहारी समय में ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने में पुलिस का सहयोग करें।*

***-शशांक कुमार सावन,***
*एसपी, हिसार।*



हिसार। पदोन्नति आदेश प्रदान करते कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा।

## लुवास में संजय की उप लेखा नियंत्रक के पद पर पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालयकुलसचिव कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार विश्वविद्यालय में सहायक कुलसचिव के पद पर कार्यरत संजय कुमार को उप लेखा नियंत्रक के पद पर पदोन्नत किया गया। पदोन्नति के आदेश सोमवार को कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने जारी किए। इस अवसर पर कुलपति ने पदोन्नत हुए संजय कुमार को बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित लुवास गैर शिक्षक संघ के प्रधान दयानंद सोनी ने यूनियन की तरफ से इस पदोन्नति के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा एवं कुलसचिव डॉ सुरेन्द्र सिंह ढाका का आभार व्यक्त किया।

# दो कुख्यात नशा तस्करों की लगभग 60 लाख रुपये की संपत्ति अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करी के अवैध नेटवर्क पर लगातार शिकंजा कसने की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में पुलिस ने दो कुख्यात नशा तस्करों की लगभग 60 लाख रुपये मूल्य की चल-अचल संपत्तियों को अटैच किया है।

**नशा तस्करों पर पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई**

### आरोपी लंबे समय से नशे के कारोबार में थे संलिप्त

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि अटैच की गई संपत्तियां कुख्यात नशा तस्कर फतेहाबाद जिले के चौबारा गांव निवासी मनदीप उर्फ पंजाबी व हिसार के बयानाखेड़ा निवासी नवीन की हैं। पुलिस जांच में यह पाया गया कि दोनों आरोपी लंबे समय से नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त थे और अपनी अवैध कमाई को संपत्तियों में निवेश कर रहे थे।

## जय ने विदेश की धरती पर लहराया परचम

- जय कुमार शर्मा ने 5 कि.मी. मैराथन दौड़ में गोल्ड मेडल अपने नाम कर देश का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

लगभग 63 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय धावक जय कुमार शर्मा ने विदेश की धरती पर भारत का परचम लहराते हुए अपनी आयु वर्ग की 5 कि.मी. मैराथन दौड़ में गोल्ड मेडल अपने नाम कर देश का नाम रोशन किया है। सेक्टर-21 निवासी जय कुमार शर्मा एसडीओ रिटायर्ड हैं और दौड़ में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक मेडल अपने नाम कर चुके हैं। जयकुमार शर्मा मूलतः चरखी-दादरी के गांव सांवड़ के रहने वाले हैं और यहां के सेक्टर-21 में उनका निवास है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में काफी संख्या में धावकों ने भाग लिया लेकिन उन्होंने प्रतियोगिता में भारत का नाम ऊंचा रखने का जुनून लेकर दौड़ की शुरूआत की जिसे उन्होंने प्रथम स्थान हासिल कर पूरा किया।




हिसार। जय कुमार शर्मा अमेरिका में आयोजित मैराथन में गोल्ड मेडल के साथ।

### जीत का श्रेय परिवार को दिया

प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल करने पर उन्हें बेहद खुशी मिली है क्योंकि विदेश की धरती पर उन्होंने देश का प्रतिनिधित्व कर जीत हासिल करते हुए देश का गौरव बढ़ाया है। विदित रहे कि पिछले वर्ष अमेरिका में जयकुमार शर्मा 4 मैराथन दौड़ जीती थीं। शर्मा अब तक राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 120 से अधिक पदक जीत चुके हैं। इन्होंने अपनी जीत का श्रेय पारिवारिक सहयोग को दिया। उनकी इस उपलब्धि से उनके परिजनों एवं गांव सांवड़ में खुशी का माहौल है।

### आज के युग में स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करना आत्मनिर्भरता

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार के वाणिज्य विभाग द्वारा उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ के सहयोग से 'स्पार्क टैंक'– बिज़नेस आईडिया प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. वसुंधरा ने प्रतिभागियों के औपचारिक स्वागत के साथ किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतबीर सांगा ने कहा कि आज के युग में स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करना न केवल आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम है, बल्कि समाज और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए प्रेरक उदाहरण भी है। निर्णायक मंडल की भूमिका वाणिज्य विभाग से डॉ. राकेश, कंप्यूटर साइंस से अमित बंसल एवं गणित विभाग से डॉ. कुलदीप ने निभाई। प्रतियोगिता में डिजि शेल्फ आईडिया की टीम ने प्रथम स्थान, यू जी कॉमर्स यूट्यूब चैनल की टीम ने द्वितीय स्थान एवं बेकरी शॉप और फ्रीलांसिंग सर्विस टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## भारतीय किसान यूनियन का विरोध प्रदर्शन

- किसानों की मांगों के समर्थन में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

भारतीय किसान यूनियन के तत्वाधान में किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को हिसार के स्मृति वन पार्क में एक जिला स्तरीय किसान पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत की अध्यक्षता जिला प्रधान सतेंद्र कोथ ने की। भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान व प्रदेश संगठन सचिव श्याम सिंह मान मुख्य रूप से पहुंचे। पंचायत में सर्वसम्मति से कई अहम निर्णय लिए गए।

किसानों ने स्मृति वन पार्क से लेकर जिला सचिवालय तक पैदल मार्च करते हुए अपना रोष प्रकट किया और अपनी मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि प्रदेश की अनाज मंडियों में धान, बाजरा, कपास, मूंग आदि फसलों की खुली लूट हो रही है। सभी फसलें एमएसपी से नीचे खरीदी जा रही हैं।

मान ने कहा कि एमएसपी का खरीद गारंटी का कानून जल्द बनना चाहिए ताकि किसानों की लूट बंद हो सके। किसान पंचायत में पारित प्रमुख मांगों में पराली प्रबंधन की ठोस व्यवस्था की जाए। डीएपी, यूरिया और बीज की आपूर्ति किसानों को समय पर और उचित दरों पर सुनिश्चित की जाए। जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए तथा क्षतिग्रस्त मकानों का मुआवजा किसानों को दिया जाए। गन्ने का भाव बढ़ाकर 525 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए ताकि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल सके।




हिसार। प्रदर्शन करते भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी व सदस्य।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर किसान नेता रणधीर मिलकपुर, कृष्ण ढांड, उप प्रधान जोगीराम लोरा उप प्रधान सुनील बुरा, उप प्रधान सुमेर कुंडू, जिला प्रवक्ता अनिल बेंदा, उप प्रधान सत्येंद्र मिलकपुर व जिला कोषाध्यक्ष सूरजमल ढांड सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## रिंक रेस में क्वाड व इनलाइन के स्केटर्स ने दिखाया दमखम

*विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत*

- जिला रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिला रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप दिल्ली रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के स्केटिंग रिंक में सपन्न हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ रामचंद्र गंगवा ने किया। स्केटिंग संघ के उपाध्यक्ष सुरेंद्र लाहौरिया, रामचंद्र गंगवा व सचिव उगमलता सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। जिला रोलर स्केटिंग संघ जिलाध्यक्ष के अध्यक्ष डॉ. जगबीर सिंह ने प्रतियोगिता के परिणामों के बारे में बताया कि प्रतियोगिता में 4 से 6 आयु वर्ग में लड़कों के इनलाइन में शिवत्व प्रथम, गर्ल्स क्वाड में समायरा प्रथम तथा बॉयज क्वाड में सार्थक ने प्रथम स्थान हासिल किया।




हिसार। खिलाड़ियों के साथ पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

### गर्ल्स क्वाड में रिद्धी प्रथम

गर्ल्स क्वाड में रिद्धी प्रथम रही व बॉयज क्वाड में कुश प्रथम, दिव्यम द्वितीय व चिराग तृतीय रहे। 10 से 12 गर्ल्स इनलाइन में तनिष्का प्रथम, ज्ञानवी द्वितीय व उनायरा तृतीय रहीं। बॉयज इनलाइन में स्मर्थ मेहता प्रथम, शिवम द्वितीय व तनिष्क तृतीय रहे। गर्ल्स क्वाड में रीत प्रथम, जिविका द्वितीय तथा पायस तृतीय रहीं। बॉयज क्वाड में उज्ज्वल प्रथम, अर्जुन द्वितीय व रित्विक तृतीय रहे। 18 से ऊपर के आयु वर्ग में गर्ल्स इनलाइन में खुशबू प्रथम, बॉयज इनलाइन में संजय प्रथम व पुण्य द्वितीय रहे। बॉयज क्वाड में राहुल ने प्रथम व सुनील ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर पावेल, अशोक तंवर, मुख्य कोच अशोक ढाका, सैंडी, सुनील, राकेश सक्सेना, प्रभजोत कौर, अमित आदि रहे।

**कॉन्फ्रेंस** अधिवक्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकारों पर साधा निशाना

# आईपीएस मामले में कांग्रेस-इनेलो के लीगल डिपार्टमेंट ने कहा, संविधान-लोकतंत्र संकट में

*वकीलों का डॉ. अंबेडकर की मानवतावादी सोच के साथ जातिवाद को खत्म करने का संकल्प*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिला बार एसोसिएशन के कॉन्फ्रेंस हॉल में सोमवार को कांग्रेस विधि विभाग, इनेलो विधि प्रकोष्ठ और अखिल भारतीय अधिवक्ता संघ के संयुक्त तत्वावधान में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस को एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल, एडवोकेट प्रदीप बाजिया, एडवोकेट अर्जुन राणा और एडवोकेट सोमदत शर्मा ने संबोधित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने देश के समकालीन संवैधानिक, सामाजिक और न्यायिक हालात पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि लद्दाख में सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी, भारत के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की घटना और आईपीएस वाई. पूरन सिंह की जातिगत प्रताड़ना से आत्महत्या ये तीनों घटनाएं इस बात का प्रतीक हैं कि भारत में लोकतंत्र और संविधान के मूल मूल्य गहरे संकट में हैं।



हिसार। बार कॉन्फ्रेंस हॉल में पत्रकारों से बातचीत करते अधिवक्ता लाल बहादुर खोवाल, प्रदीप बाजिया व अर्जुन राणा। *फोटो: हरिभूमि*

### जातिवाद, भेदभाव और संवैधानिक

वकीलों के समूह ने कहा कि आज देश और प्रदेश में वर्ण व्यवस्था, जातिवाद, भेदभाव और सामाजिक शोषण का ज़हर प्रशासनिक ढांचे और न्याय प्रणाली तक घुस चुका है। उन्होंने कहा कि जब एक आईपीएस अधिकारी भी जातिगत अपमान और प्रताड़ना से मुक्त नहीं तो आम व्यक्ति की स्थिति समझी जा सकती है।अधिवक्ताओं ने केंद्र और हरियाणा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान की आत्मा "समानता, न्याय और स्वतंत्रता" को योजनाबद्ध ढंग से कमजोर किया जा रहा है।सरकारें समाज में नफरत और सांप्रदायिकता फैलाने वाली ताकतों को बढ़ावा दे रही हैं जबकि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के सपनों का भारत समता, बंधुता और भाईचारे के मूल्यों पर टिका था। इस अवसर पर एडवोकेट सोमदत शर्मा, मुकेश सैनी, विनोद कस्वां, पवन तुंदवाल, श्वेता शर्मा, विक्रम मित्तल, प्रमोद बागड़ी, आशा बाल्यान, मोहित, सुरेंद्र सैनी, रामसिंह भांखोड़, कुसुम प्रजापति, अलका, मीना तिजारियां, निशा ,कमलेश राय आदि मौजूद रहे।

रोहतक, मंगलवार
14 अक्टूबर 2025

हरिभूमि सहेली





दीपावली का पर्व हम सभी के घर में खुशहाली का उजास लेकर आता है। लेकिन इस पर्व की तैयारी में घर की महिलाएं प्रायः इतना उलझ जाती हैं कि अपनी खुशी, सुख और उत्साह को बिसार देती हैं। ऐसा ना करें, घर-परिवार के साथ खुद भी इस त्योहारी खुशी, उल्लास के हर पल में शामिल हों। यकीन मानिए, इससे आपकी दीपावली और जगमगा उठेगी।

# स्त्रियां भी जीएं सुख का उजास

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

उजास की चमक में स्वयं अपने भीतर झांकने का त्योहार है दीपावली। संबंधों में अनुभूतियों की रौनक भरने वाला जश्न है यह पर्व। यह उत्सव प्रेम-स्नेह के भाव को दरकने से बचाने वाली झिलमिलाहट भी साथ लेकर आता है, मन की कहने-सुनने से हर चेहरे पर एक दमक भी उतर आती है। कुल मिलाकर यह उत्सवीय आभा अपने भीतर भी एक जगमगाहट भरने का संदेश देती है। आंगन संवारती, दीवारें पोंछती, व्यंजनों की खुशबू फैलाती और अपनों की सज-धज का ध्यान रखती स्त्रियां, त्योहारी आपा-धापी में खुद को ही भूल जाती हैं। तो सुनो सहेली, दमकती-चमकती आंगन की रंगोली और रसोईघर से आती पकवानों की महक के बीच अपने मन की कांति को सहेजना ना भूलो।



## सजी-धजी मुस्कुराहटों की चमक

हर उत्सव पर मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में स्त्रियां अपने परिवार के आंगन में उजास भरती हैं। यह त्योहारी रौनक घर से लेकर गली तक हर ओर फैली होती है। साफ-सफाई और सजावट से झिलमिलाते घरों की कड़ियों को जोड़ने वाली स्त्रियां ही होती हैं। ऐसे में खुद की अनदेखी ना चाहते हुए भी हो जाती है। 'यह कर लूं', 'वह निपटा लूं' और 'घर के कोने-कोने को सजा लूं' के फेर में अपनी सज-धज तो रह ही जाती है। कभी-कभी तो इस भाग-दौड़ में मन नीरसता के धुंधलेपन से घिर जाता है। लेकिन सामानों की धूल झाड़ने में स्वयं की आभा फीकी ना होने दें।

अब जबकि दीपावली आने में कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं तो अपनी खुद की की साज-सज्जा की तैयारियां करने पर भी ध्यान दें। दीपपर्व की उजास में आपकी सजी-धजी मुस्कुराहटों की चमक भी बिखरनी ही चाहिए।

## बना रहे उपस्थिति का आलोक

इस दीपावली यह सुनिश्चित करें कि आपकी उपस्थिति का आलोक भी हर ओर फैले। जब सब मेल-जोल में व्यस्त हैं। आपके अपने सब कुछ भूलकर त्योहार की खुशियों को जी रहे हैं तो आप क्यों काम में उलझी हैं? आसमान तक फैली झिलमिलाहट के बीच आप घर के भीतर क्या सहेजने में लगी हैं? आज भी बहुत सी स्त्रियों के लिए यह त्योहार तैयारियों की कभी ना खत्म होने वाली श्रंखला भर बनकर रह जाता है। ऐसे में झिलमिल दीपों से सजे चौखट-चौबारों के बीच आपका मन व्यस्तता के जाल में न उलझे। ध्यान रहे, दीपावली के त्योहार पर मां लक्ष्मी और माता सरस्वती के पूजन का विधान है। अपने संवेदनशील हृदय में भरी ज्ञान रूपी समझ से सुखद मेलजोल जीएं। गृहलक्ष्मी के रूप में आलोकित अपने व्यक्तित्व को जिम्मेदारियां निभाने तक न समेटें। परिवार, घर-द्वार को संभालने के साथ-साथ दीपावली के दीयों की टिमटिमाती मुस्कान के बीच आपकी उपस्थिति की चमक भी जरूरी है।



## साझेपन की दमक जरूरी

आप होम मेकर हों या वर्किंग वुमेन, त्योहार की तैयारी में सबका साथ लीजिए। परिवार को उत्सव मनाने में ही नहीं उत्सवीय तैयारियों में भी साथ रखिए। त्योहार के दिन आस-पड़ोस या मित्रों-सगे-संबंधियों के यहां सबके साथ आप भी मिलने जाइए। याद रहे, आपसी मेल-जोल और रिश्तों की रौनक से जुड़ा दीपावली का पर्व खुद को पीछे रखने के बजाय सहज रूप मन की ऊर्जा जुटा लेने का उत्सव है। इसके लिए स्त्रियां अपनों की सहायता लेने में संकोच ना करें। अपने जीवन में साझेपन की चमक भरने का प्रयास करें, ताकि यह जज्बाती दमक जिम्मेदारियों के मोर्चे पर भी दिखे। इतना भर करने से सबकी इच्छाओं और खुशियों का ध्यान रखते हुए आप अपने लिए भी समय निकाल सकेंगी। घर के आंगन में ही नहीं, अंतर्मन में भी इस त्योहार की जगमग को महसूस करेंगी। a

### अपनों की अहम भूमिका

**गृहलक्ष्मी की** भाग-दौड़ को समझने का प्रयास अपनों को भी करना चाहिए। झिलमिलाते घर-आंगन में हंसते-मुस्कुराते हुए सब कुछ संभालने वाली परिवार की महिलाओं को बच्चे, बुजुर्ग और जीवनसाथी सभी सहयोग करें। उनको मन से सम्मान दें। याद दिलाएं कि पहनने के लिए उनकी पसंद के पारंपरिक परिधानों की तैयारी भी उन्हें ही करनी है। मिठाइयों की सूची थोड़ी छोटी रही तो भी चलेगा। 'बहू तुम भी सबके साथ बैठो' भर कहकर बुजुर्ग कई दिनों की भाग-दौड़ से फीके पड़े चेहरे की चमक लौटा सकते हैं। 'मम्मा हमारे साथ-साथ आप भी अच्छे से तैयार हो जाओ ना!' जैसे शब्द दीपावली की तैयारियों में जुटी मां को मुस्कुराहट की चमक दे सकता है। 'गृहलक्ष्मी की सज-धज बिना कैसा त्योहार' कहने वाले जीवनसाथी की अनुभूतियों से मिली आभा मन को नई दमक दे जाती है। अपनों का यह साथ-स्नेह घर की महिलाओं के लिए इस पर्व की रौनक और बढ़ा देगा। असल में बड़ों-छोटों की यह ज्योतिर्मय सोच स्त्रियों को कई उलझनों से बचा लेती है। दीपावली का त्योहार एक-दूजे के साथ खुशियां बांटने की परंपरा है। उत्सव के वास्तविक मायने तो तभी हैं, जब घर का हर सदस्य इस रीत की रौनक को जीए।



## सुख-शांति-समृद्धि के लिए दीपावली से पहले

# घर से निकालें नकारात्मक ऊर्जा

हर कोई चाहता है कि उसके घर में सुख, शांति बनी रहे और समृद्धि आए। इसके लिए दीपावली एक अच्छा अवसर है। आप वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ बातों को ध्यान रखकर अपने घर में सुख, शांति के साथ समृद्धि ला सकती हैं।

वास्तु

निकिता चौहान



जब दीपावली जैसा बड़ा पर्व आता है, परिवार में उत्सवी माहौल हो जाता है, मन उमंग-तरंग से भर उठता है। लेकिन दीपावली की खुशियों में कोई बाधा ना आए, त्योहार खुशी के साथ मनाया जा सके, इसके लिए जरूरी है कि आप वास्तु शास्त्र के अनुसार घर से नकारात्मक ऊर्जा को निकालें। भारतीय वैदिक वास्तु हमारे पारंपरिक ज्ञान से जुड़ा है, जो हमें अपने घर और कार्यस्थल पर पांच मूल प्राकृतिक तत्वों के सामंजस्य से एक सुगमता स्थापित करने में सहायता करता है। वैदिक वास्तु इन पंच तत्वों को उनकी दिशा के अनुसार घर में संयोजित करने की सलाह देता है। दीपावली में हमें वैदिक वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ विशेष उपाय अपनाने चाहिए, जिससे घर की नकारात्मक ऊर्जा खत्म हो जाएगी और हमारा स्वास्थ्य सही रहेगा, घर में सुख- शांति रहेगी, समृद्धि भी आएगी। ये विशेष उपाय कौन से हैं, जानें-

**घर के केंद्र को साफ रखें:** दीपावली में सर्वप्रथम अपने घर के केंद्र, जिसे ब्रह्मस्थान कहा जाता है, को साफ-सुथरा बनाएं। वहां बहुत ज्यादा सामान ना हो। इससे घर में ऊर्जा का प्रवाह सही और सुचारु ढंग से होगा।



**मिट्टी का दीपक जलाएं:** मिट्टी के दीये में गाय के घी से दीपक प्रज्वलित करें। गाय के घी को शुभ और पवित्र ऊर्जा का कारक माना जाता है। इसके अलावा तिल के तेल से दिया प्रज्वलित करने से ग्रहों के दुष्प्रभाव को समाप्त किया जा सकता है। घी, तिल, अरंडी, महुआ और नीम के तेल को मिलाकर प्रज्वलित दीपक पंचदीपम कहलाता है। इससे घर में समृद्धि, परिवार में स्नेह बना रहता है, रोग का नाश होता है। नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव की समाप्ति होती है, साथ ही वंश वृद्धि होती है।

**चमकीले रंग का उपयोग करें:** दीपावली में हमेशा चमकीले रंग का उपयोग करना चाहिए। दीपावली से पहले या बाद में पेंटिंग और साज-सज्जा करें। इसके अलावा दीपावली में आपको अपने घर या कार्यालय के प्रवेश द्वार के पास खास साफ-सफाई करना चाहिए।

**पोंछे में समुद्री नमक डालें:** घर में पोंछा लगाते समय पानी में थोड़ा समुद्री नमक मिला दें फिर पोंछा लगाएं, इससे नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होने में मदद मिलेगी।

**नया दर्पण लगाएं:** घर में नया दर्पण लगाएं ताकि लाइट ज्यादा चमके और सकारात्मक वातावरण बने। दीपावली के अवसर पर अपने घर के द्वार पर पौधों वाला गमला रखें। पौधा एक तरह से जीवन का प्रतीक होता है, इसलिए आपके घर में सकारात्मक वातावरण बनाने में सहायक रहता है।

**मंत्र जाप करें:** दीपावली के दिन खासकर घर में धार्मिक मंत्रों का उच्चारण करने वाले ऑडियो को मधुर आवाज में लगाएं। इससे अपने घर में भरपूर सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगी। परिवार में सब स्वस्थ रहेंगे। प्रेम-स्नेह भी बना रहेगा। a

**(वास्तु-ज्योतिष विशेषज्ञ डॉ. राहुल सिंह से बातचीत पर आधारित)**

दीपावली जैसा बड़ा पर्व हो तो इसकी भव्य तैयारी जरूरी हो जाती है। यह तैयारी वर्किंग वूमेन के लिए एक बड़े टास्क जैसी होती है, क्योंकि उसे ऑफिस के कामों के साथ, घर में भी त्योहार की तैयारी करनी होती है। इस दोहरी जिम्मेदारी के बीच वर्किंग वूमेन कैसे बैलेंस बैठाएं, जानिए।

## टाइम मैनेजमेंट के साथ करें फेस्टिवल की तैयारी

# फैमिली से लें हेल्प-करें फुल एंज्वॉय

वर्किंग वूमेन

अलका सोनी

दीपावली का पर्व सिर्फ लक्ष्मी पूजन, पटाखे और मिठाइयों तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि इसकी चमक-दमक के पीछे महीनों की तैयारी छिपी होती है। घर के हरेक कोने की झाड़-पोंछ, सजावट, नए कपड़े, पकवान और रिश्तेदारों की आवभगत, इन सबका बोझ ज्यादातर महिलाओं के कंधों पर रहता है। महिला अगर काम-काजी है, तो दीपावली की तैयारी करना उसके लिए आसान नहीं होता, काफी मुश्किलें आती हैं। लेकिन सही ढंग से मैनेज किया जाए तो मुश्किलें आसान हो सकती हैं। इस संबंध में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरत गुंजन सिंह कहती हैं, 'वर्किंग होने के साथ त्योहारों की तैयारी थोड़ी मुश्किल हो जाती है, लेकिन टाइम मैनेजमेंट से त्योहार को पूरी तरह एंज्वॉय करने का मौका मिल सकता है। मैं दिवाली के बीस दिन पहले से थोड़ी-थोड़ी तैयारी करने लगती हूं। इससे एकसाथ मुझ पर काम का बोझ नहीं पड़ता। दिवाली का सामान उसकी प्राथमिकता के हिसाब से लाती जाती हूं, एक लिस्ट बना लेती हूं, फिर ऑफिस से आते वक्त इन्हें लाती रहती हूं।'



**महिलाओं की दोहरी जिम्मेदारी:** भारतीय परिवारों में त्योहार की तैयारी का काम पीढ़ियों से महिलाओं की जिम्मेदारी ही माना गया है। दादी-नानी के समय में यह काम सहज रूप से घरेलू जीवन का हिस्सा था। तब अधिकतर महिलाएं गृहिणी थीं, इसलिए पूरा ध्यान घर के सभी कामों को करने और मेहमानों की देखभाल में बीतता था, लेकिन बदलते समय के साथ महिलाएं शिक्षा और नौकरी के क्षेत्र में आगे बढ़ी हैं। ऐसे में उन पर जिम्मेदारियों का भार दोगुना हो गया है।

**टाइम मैनेजमेंट का प्रेशर:** ऑफिस की डेडलाइन और त्योहार की डेडलाइन, दोनों को साथ लेकर चलना एक आर्ट है। हर महिला इसे अपने तरीके से सीखती है। ऑफिस के कामों के साथ घर में भी त्योहारों की रौनक कायम रखने पर ध्यान दिया जाए तो दोनों के बीच अच्छा संतुलन बनाया जा सकता है। बस उन्हें अपने परिजनों की थोड़ी मदद की दरकार होती है।

**हो स्मार्ट प्लानिंग:** वर्किंग वूमेन के पास समय की कमी होती है। इसलिए समय बचाने और सारा काम पूरा करने के लिए ये महिलाएं 'टू-डू लिस्ट' और कैलेंडर बनाकर हफ्तों पहले तैयारी शुरू कर देती हैं। एक दिन सफाई, दूसरे दिन बाजार, तीसरे दिन उपहारों की पैकिंग। इस तरह काम को छोटे हिस्सों में बांटकर करने से काम आसानी से हो जाते हैं। साथ ही ऑनलाइन शॉपिंग, एप-बेस्ड क्लीनिंग सर्विस, तैयार मिठाइयों की होम-डिलीवरी जैसी सुविधाएं आज त्योहारों की तैयारी को आसान बना रही हैं। आज की महिलाएं यह समझती हैं कि दिवाली का मतलब तनाव नहीं, खुशी है। इसलिए वे ऑफिस से छुट्टियां पहले से प्लान कर लेती हैं। a

### जरूरी है परिवार की भागीदारी



जीवन में हम परिवार की अहमियत को अनदेखा नहीं कर सकते। परिवार को मानव की प्रथम पाठशाला भी कहा जाता है। यानी कि पीढ़ियां अपने परिवार से ही सीखती रही हैं। अतः यह समझने की जरूरत है कि घरेलू कार्यों के लिए सिर्फ महिलाएं ही जिम्मेदार नहीं हैं, घर के पुरुषों और बच्चों को भी त्योहार की तैयारियों में हाथ बंटाना चाहिए। इससे सारे काम आसानी से संपन्न हो जाएंगे।



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# प्रदूषण से बालों को ऐसे बचाएं

बालों का कमजोर होना, झड़ना, रूसी और उम्र से पहले बालों के सफेद होने जैसी समस्याओं को लेकर कई महिलाएं परेशान रहती हैं। कुछ घरेलू उपचार से इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आप चाहें तो बालों की इन समस्याओं के लिए मुलेठी पावडर को अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपके बाल और भी ज्यादा हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे।

**डेंड्रफ के लिए:** डेंड्रफ की प्रॉब्लम दूर करने के लिए सबसे पहले कांच के जार में एक चम्मच मुलेठी पावडर, आधा चम्मच नीबू का रस और एक चम्मच शहद को अच्छी तरह मिलाएं। इस तरह तैयार पेस्ट को अपने सिर और बालों में लगा लें। आप इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुण होते है, जिसके कारण यह डेंड्रफ की प्रॉब्लम को दूर करता है।



**हेयर फॉलिंग:** बाल झड़ना यानी हेयर फॉल या बाल्डनेस की प्रॉब्लम के लिए भी आप मुलेठी पावडर को अप्लाई कर सकती हैं। सबसे पहले कांच के बर्तन में एक चम्मच मुलेठी पावडर, कुछ केसर के धागे और 1 कप दूध या दही डालकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसे रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह आप अपने बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

**हेल्दी हेयर के लिए:** हेल्दी हेयर के लिए हेयर मास्क काफी इफेक्टिव माना जाता है। इसे बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा पका केला, 2 चम्मच मेहंदी पावडर और 1 चम्मच मुलेठी पावडर को अच्छे से मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। बेहतर रिजल्ट के लिए हेयर मास्क को आप हर हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं। बेजान और कमजोर बालों के लिए एक कटोरे में पांच चम्मच मुलेठी पावडर, 1 कप दही और 2 चम्मच जैतून का तेल डालकर इसे अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को अपने सिर और बालों पर अच्छी तरह लगाकर, आधे घंटे बाद बालों को ताजे और साफ पानी से धो लें, इससे आपके बालों को मजबूती मिलेगी।

**सफेद बाल:** पचास-साठ की उम्र से पहले सफेद हुए बालों की समस्या से बहुत सी युवा और मिडएज की महिलाएं परेशान रहती हैं। इस समस्या से बचाव के लिए भी मुलेठी पावडर का उपयोग काफी कारगर हो सकता है। इसके लिए मुलेठी पावडर और थोड़ी मात्रा में सरसों के तेल को मिलाकर, इसे अपने बालों पर लगा लें। यह आपके हेयर फॉल की प्रॉब्लम के साथ बालों में आई असमय सफेदी को भी कम कर सकती है। इसके लिए, दही और मुलेठी पावडर का पेस्ट भी काफी फायदेमंद साबित होता है। a

डेकोरेशन

श्रुति आयंगर

दीपावली के अवसर पर हर कोई चाहता है कि उसका घर-आंगन सबसे खूबसूरत दिखे। आप भी अपने घर को आकर्षक दिखाने के लिए तैयारियों में जुटी होंगी। हम यहां आपको कुछ ऐसे यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिससे आपका घर ऐसा दमक उठेगा कि सब तारीफ करेंगे।

# खूबसूरत-आकर्षक दिखेगा आपका आशियाना



दिवाली सिर्फ रोशनी करने, आतिशबाजी करने, तरह-तरह के व्यंजन खाने-खिलाने का त्योहार नहीं है। इस अवसर पर घर के हर कोने को सजाया भी जाता है। हम आपको घर डेकोरेट करने के कुछ आसान लेकिन अट्रैक्टिव लुक देने वाले तरीके बता रहे हैं।

**एंटीक-हैंडीक्राफ्ट आइटम्स:** ब्रास, कॉपर, सिल्वर टोन के शोपीसेस और हैंडीक्राफ्ट आइटम्स घर को रॉयल लुक देते हैं। छोटे-छोटे लैंप्स, हैंड पेंटेड ट्रे, मूर्तियां, ब्रास या कॉपर के वास, लंबे दीया स्टैंड, टेराकोटा आर्ट पीस, वुडेन क्राफ्ट, क्ले पॉट्स, मेटल वॉल हैंगिंग, पेंटेड बॉटल्स, झूमर, घंटियां और पीतल के शोपीस ये सभी घर को फेस्टिव टच देते हैं। इन्हें कॉर्नर टेबल, विंडो साइड टेबल या घर के एंट्रेंस पर साइड टेबल पर रखें तो और भी अच्छा दिखेगा।





**थीम बेस्ड डेकोरेशन:** हाल के सालों में दीपावली पर थीम बेस्ड डेकोरेशन का क्रेज भी काफी बढ़ा है। आप चाहें तो गोल्डेन थीम फॉलो कर अपने घर को रॉयल-क्लासी टच दे सकती हैं। पेस्टल थीम से घर को सॉफ्ट और ट्रेंडी लुक मिलेगा। इस ऑकेजन के लिए ट्रेडिशनल रेड-ग्रीन डेकोरेशन को भी शुभ माना जाता है। अगर आप कुछ डिफरेंट डेकोरेशन चाहती हैं तो मल्टीकलर या कोई ट्रेडिशनल थीम भी अपना सकती हैं। जो थीम आप सेलेक्ट करें उसी के अनुसार पर्दे, टेबल कवर, रनर और डेकोरेटिव आइटम्स का भी चुनाव करें।

**रि-स्टाइल करें फर्नीचर:** जरूरी नहीं कि दीपावली पर नए फर्नीचर ही खरीदे जाएं। इसकी बजाय पुराने फर्नीचर को रि-स्टाइल भी करवा सकती हैं। सोफा या चेयर को दीवार के किनारे से हटाकर सर्कल या स्क्वेयर में अरेंज कर सकती हैं। पुराने सोफे का बेस और बैक कुशन बदलें।

**लाइटिंग हो खास:** दीपावली के मौके पर हैंडमेड बाती लैंप, शेड लाइट और शैडो लाइट्स काफी पसंद की जाती हैं। ये पीसेस घर को रोशन करने के साथ-साथ स्टाइलिश और पर्सनल टच भी देती हैं। ड्राइंग रूम में डेकोरेटिव लैंप, हैंगिंग लालटेन और वॉल लैंप्स लगाकर घर को आकर्षक लुक दे सकती हैं। इंडोर प्लांट्स के आस-पास छोटे रंगीन बल्बों वाली लाइट्स लगा सकती हैं। बालकनी और लॉन के लिए फेयरी लाइट्स, स्टार प्रोजेक्टर, एलईडी स्ट्रिप और लालटेन का उपयोग करना अलग टच देगा। पूरे आंगन को जगमगाने के लिए एलईडी और सोलर लाइट्स सबसे स्मार्ट ऑप्शन हैं।

**शीशे से करें सजावट:** गोल या चौकोर आकार के छोटे शीशों के टुकड़ों को लंबी, पतली रंगीन पट्टी पर चिपकाकर दीवारों पर सजाया जा सकता है। दरवाजे पर शीशों का तोरण भी बहुत खूबसूरत लगता है।

**फूलों से सजाएं घर:** गेंदे के नकली फूलों की लड़ी, जिसमें छोटी घंटियां लगी हों, सीढ़ी की रेलिंग पर लटका सकती हैं। आप असली फूल भी लगा सकती हैं। a

**(इंटीरियर एक्सपर्ट अनामिका शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान में समारोह

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु-विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में विश्वविद्यालय से सेवानिवृत हुए कर्मचारियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत हुए डिप्टी लेखा नियंत्रक सुरेंद्र कुमार, प्राइवेट सेक्रेटरी पुष्पा रानी, पर्सनल असिस्टेंट आशा रानी, लैब टेक्नीशियन पाला राम एवं कृष्ण कुमार, सिक्योरिटी गार्ड हरी सिंह तथा एनिमल अटेंडेंट केलो देवी को सम्मानित किया गया।

### सुनील बने एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के राज्य प्रधान

**हिसार।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसईबी वर्कर्स यूनियन का त्रिवार्षिक सम्मेलन फरीदाबाद में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में यूनियन की नई राज्य कार्यकारिणी का चुनाव करवाया गया, जिसमें सर्वसम्मति से सुनील खटाना को पुनः राज्य प्रधान चुना गया। उमेद मलिक करनाल को प्रदेश महासचिव, सुरेन्द्र मान असंध व दिनेश शर्मा हिसार को उप-महासचिव तथा सिकंदर यादव महेन्द्रगढ़ को उपप्रधान चुना गया।

### 65 वर्ष की आयु में सत्यपाल ने की पीएचडी

**हिसार।** पीएलए निवासी सत्यपाल शर्मा, जिन्होंने अपने जीवन में अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं, हाल ही में शारदा विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के 9वें दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किए गए। यह समारोह गत दिवस आयोजित हुआ, जिसमें उन्हें प्रधानमंत्री के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद द्वारा यह सम्मान प्रदान किया गया।

### रोडवेज यूनियन ने पेमेंट पर विरोध जताया

**हिसार।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने किलोमीटर स्कीम की बसों को कोरोना समय की 40 से 50 करोड़ की पेमेंट जारी किए जाने पर कड़ा ऐतराज जताया है। यूनियन ने इस संबंध में परिहन मंत्री से मामले की जांच की मांग की है। यूनियन के सदस्यों ने ने बताया कि सरकार 18-18 घंटे की कठिन ड्यूटी लेकर बहुत कम वेतनमान देकर शोषण कर रही।

## डीसी को सौंपे ज्ञापन में कांग्रेस ने निष्पक्ष न्यायिक जांच की मांग उठाई

# आईपीएस पूरन कुमार सुसाइड प्रकरण में कांग्रेस का प्रदर्शन

**देशभर में दलित समाज पर अत्याचारों में निरंतर वृद्धि हो रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार । आईजी पूरन कुमार सुसाइड प्रकरण में प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले सोमवार को जिला मुख्यालय पर एक विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें दलित समाज पर बढ़ते अत्याचारों और सामाजिक अन्याय के विरुद्ध कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने गहरी चिंता व्यक्त की। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष बृज लाल बहबलपुरिया ने किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की आत्महत्या की निष्पक्ष न्यायिक जांच की मांग उठाई। प्रदर्शन के उपरांत जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर बहबलपुरिया ने कहा कि जिस प्रकार से एक ईमानदार और संवेदनशील अधिकारी को प्रताड़ना झेलनी पड़ी, वह पूरे प्रदेश के प्रशासनिक तंत्र पर सवाल खड़े करता है। यह घटना दलित समाज के भीतर भय और असुरक्षा की भावना को गहरा करती है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश और देशभर में दलित समाज पर अत्याचारों में निरंतर वृद्धि हो रही है, जो यह दर्शाती है कि सरकार इस वर्ग की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने में असफल रही है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुभाष गोयल, पूर्व मंत्री अंतर सिंह सैनी, पूर्व विधायक रामनिवास घोडेला, राजेश संदलाना, हनुमान ऐरन, भूपेन्द्र सिंह गंगवा, वजीर सिंह पुनिया, धर्मवीर गोयत, अनूप सिंह सरसाना, आनंद जाखड़, भरत सिंह मलिक, सुखबीर नागर, अजीत यादव, करण सिंह रानोलिया, कृष्णा दुग्गल, गीता आहूजा, पूर्व ओबीसी उपाध्यक्ष सुभाष वर्मा, सुरेश पंघाल, एससी नेता सुरेश वाल्मीकि मुकेश कुमार सैनी, बलराज मलिक आदि उपस्थित रहे।

## आरोपियों पर कार्रवाई न होना सरकार की दोगली नीति का परिणाम : किरमारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



वरिष्ठ इनेलो नेता दलबीर किरमारा ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की मौत के सात दिन बाद भी आरोपियों पर कार्रवाई न होने पर चिंता जाहिर करते हुए इसे संविधान की अवहेलना व अपमान बताया है। उन्होंने कहा कि देश में दो संविधान के खिलाफ लंबे चौड़े भाषण देकर राजनीति करने वाली भाजपा सरकार की दोगली नीति अब खुलकर सामने आ गई है और यह साबित हो गया है कि देश में दो संविधान व दो कानून है। दलबीर किरमारा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश है कि एससीएसटी एक्ट के मामलों में केस दर्ज करके आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और फिर उनकी जांच की जाए। उन्होंने सरकार से फिर मांग की कि एडीजीपी के सुसाइड नोट व उनकी पत्नी की शिकायत के आधार पर आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करे और फिर मामले की जांच करवाएं।

### दोशियों को दी जाए सजा, ताकी न हो कोई और परेशान

**नारनौंद ।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी जाट सभा और बाहरा खाप भाईचारा एकता समिति की तरफ से युवा नेता संदीप भारती ने सरकार से मांग की कि प्रदेश के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या के पीछे जिन भी अधिकारियों का षड्यंत्र है तो सरकार तुरंत प्रभाव से जांच करवा कर उनको कड़ी से कड़ी सजा देने का काम करें।

**पूरन कुमार की मौत के मामले में आरोपियों की हो गिरफ्तारी**

## बसपा ने सीटीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा


हिसार । सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते बसपा नेतागण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

बहुजन समाज पार्टी की जिला इकाई की ओर से सिटी मजिस्ट्रेट की मार्फत राष्ट्रपति के नाम दिये गये ज्ञापन में एडीजीपी वाई पूरन कुमार की जाति आधारित प्रताडऩा के कारण आत्महत्या मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी व अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार अधिनियम तथा बीएनएस की धारा 112 के तहत कार्रवाई की मांग की गई है।

**ये रहे मौजूद**

ज्ञापन देने वालों में प्रदेश सचिव बलबीर सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महेन्द्र सिंह धानिया, जिला अध्यक्ष रामदिया खेड़ी, जिला प्रभारी नानक देव प्रजापति व संजय महंच, जयसिंह पातन, रविन्द्र चौहान, हंसराज नियाणा, हरिसिंह बगला, कश्मीरी सोढ़ी, दयानंद रोलन, संदीप मेहरा, कृष्ण सैनीपुरा, दिलबाग डोभी अनिल चोपड़ा, मलकीयत, जितेन्द्र, बहादुर सिंह, चंद्रशेखर, गुलाब धीमान, सुनील गोरिया, नानक राम, मुकेश किरतान, गौतम, पवन सभ्रवाल, पवन दुर्जनपुर, हंसराज मोर, सतीश काजला, धर्मपाल करवल आदि शामिल रहे। ज्ञापन में कहा गया है कि एडीजीपी वाई पूरन कुमार द्वारा की गई आत्महत्या न केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी है, बल्कि यह उस जातिवादी मानसिकता का भयावह प्रतिबिंब है, जो आज भी हमारे प्रशासनिक ढांचे में व्याप्त है।

## खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। औद्योगिक भ्रमण के दौरान जानकारी हासिल करते विद्यार्थी।

**विद्यार्थियों ने भ्रमण के दौरान ली विभिन्न जानकारी**

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा बीवोक फूड प्रोसेसिंग एंड इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को खाद्य उद्योगों में प्रयुक्त विभिन्न यूनिट ऑपरेशन्स से व्यावहारिक रूप से अवगत कराना था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विभाग को इस शैक्षणिक पहल के लिए बधाई दी।विभागाध्यक्षा प्रो. अराधिता राय ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को इस सफल भ्रमण के लिए बधाई दी।

### विद्यार्थियों ने बेवरेज और मिल्क प्लांट देखी

*इस शैक्षणिक यात्रा में लगभग 23 विद्यार्थियों ने भाग लिया। भ्रमण का संचालन प्रो. मनीष कुमार एवं प्रो. अलका शर्मा ने किया। विद्यार्थियों ने सिरसा जिले की दो प्रमुख उद्योगों एसबीडी बेवरेजेज इंडस्ट्री, जो विभाग के गौरवशाली पूर्व विद्यार्थी सुनील सेतिया द्वारा स्थापित की गई है तथा वीटा मिल्क प्लांट (हरियाणा को-ऑपरेटिव सोसायटी) का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने इन उद्योगों में फिल्ट्रेशन, मिक्सिंग और पैकेजिंग जैसी प्रक्रियाओं को प्रत्यक्ष रूप से देखा और सीखा। कई विद्यार्थियों के लिए यह पहला अवसर था जब उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण की इकाइयों को इतने करीब से देखा। इस औद्योगिक भ्रमण में डीन स्टूडेंटस वेल्फेयर प्रो. एमके शर्मा तथा विश्वविद्यालय की सामान्य शाखा का सहयोग रहा। करण सिंह राणा ने वीटा मिल्क प्लांट सिरसा में विद्यार्थियों के भ्रमण की व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया।*

### आईपीएस सुसाइड मामले में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बरवाला।** भीम आर्मी समाज उत्थान समिति हरियाणा समेत अनेक सामाजिक संगठनों द्वारा आईपीएस वाई. पूरन कुमार के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी व न्यायिक जांच के लिए एसडीएम बरवाला के मार्फत राष्ट्रपति महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की कि आईपीएस वाई. पूरन सिंह मामले में तथ्यों को ध्यान में रखते हुए सभी आरोपियों को तुरंत प्रभाव से गिरफ्तार करवाए व पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सिटिंग जज से करवाकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाए। इस अवसर पर बीरबल बरवाला, रोहताश राजली, सरदानंद राजली, राज बौद्ध, रामावतार, सुमन बाला, रामशरण बधावड़, सोनू कुमार, सोनू, सुभाष, विनोद, अमित, बन्नी, सोहन लाल व बबलू आदि मौजूद रहे।

## भारत को जानो प्रतियोगिता में सैनिक स्कूल रहा प्रथम

**कनिष्ठ वर्ग में पाठशाला यूनिवर्सल स्कूल ने प्रथम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना

भारत विकास परिषद द्वारा खंड स्तरीय 'भारत को जानो' प्रतियोगिता का आयोजन शाखा अध्यक्ष पुण्यकीर्ति शर्मा की अध्यक्षता में आरडीएम स्कूल में किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद प्रांतीय गतिविधि संस्कार संयोजक हुकुमचंद गोयल पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे, जबकि जिला समन्वयक ऋषिराज बुडाकिया ने कार्यक्रम की देखरेख की। प्रतियोगिता का शुभारंभ राकेश गर्ग 'बबलू' ने किया, वहीं समापन सत्र के मुख्य अतिथि डीसीएम संजय रहे।


उकलाना । विजेताओं प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

### विजेता विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

*प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में पाठशाला यूनिवर्सल स्कूल ने प्रथम, सैनिक स्कूल ने द्वितीय तथा आरडीएम स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वरिष्ठ वर्ग में सैनिक स्कूल प्रथम, श्री आदिश्वर जैन हाई स्कूल द्वितीय और गोल्डन स्कूल तृतीय स्थान पर रहे। विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, नगद पुरस्कार और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस अवसर पर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य साधुराम जाखड़, आरडीएम ग्रुप के अध्यक्ष एवं भारत विकास परिषद के संरक्षक कृष्ण चंद्र शर्मा, गौरव गुप्ता, सुनील गर्ग, योगेश गर्ग, अंकुर गर्ग, अशोक गर्ग, रिंकू गोयल, कृष्ण चंद्र शर्मा, मोहिंदर दहमनिया, शीशपाल चहल, रमेश इलाहाबादी आदि उपस्थित रहे।*

## ग्लोबल स्पेस सेक्टर 24 में समस्याओं की भरमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। समस्याओं से अवगत कराते क्षेत्रवासी।

**शिकायतों के बाद आरडब्ल्यूएस पदाधिकारियों ने किया मुआयना**

रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी ग्लोबल स्पेस सेक्टर 24 में विभिन्न समस्याओं की शिकायतें आने के बाद आरडब्ल्यूएस पदाधिकारियों ने सेक्टर में मुआयना किया। इस दौरान सेक्टरवासियों ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से न लेने पर रोष भी जताया। सोसायटी के प्रधान जयभगवान बडाला व महासचिव नरेश सैनी ने बताया कि ग्लोबल स्पेस ऊंची दुकान फीका पकवान वाली कहावत को पूरा कर रहा है। यहां समस्याओं की भरमार है। कहने को यहां बिजली तार भूमिगत हैं लेकिन वास्तव में बिजली तारों की हालत बहुत बुरी है। हर ट्रांसफार्मर, बिजली के पैनल, पार्कों में व यहां तक कि कम्पनी द्वारा बनाए गए फलैटो व विलाज के बाहर दरवाजों पर गलियों में भी बिजली तार कई जगह खुले पड़े हैं और हादसों का अंदेशा भी बना रहता है।

इस मौके पर रामस्वरूप वर्मा, नरेश सैनी, संजय शर्मा, रविदत, सुशील बिश्नोई, जंगसेर गिल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## कविता लेखन एक सुचिंतित कलात्मक प्रयास : डॉ. छाबड़ा

**दयानंद कॉलेज में काव्य सृजन पर कार्यशाला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

दयानंद कॉलेज में हिंदी विभाग ने हिंदी विभाग की ओर से काव्य सृजन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका हिंदी व संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. मोनिका नरेश रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चमारखेड़ा के प्राचार्य डॉ. मनोज छाबड़ा रहे। डॉ. मोनिका नरेश ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया व अपने संबोधन ने कहा कि काव्य सृजन कल्पना शक्ति और रचनात्मक सोच से साहित्य के प्रति प्रेम,समाज की समस्याओं, संस्कृति व नैतिक मूल्यों के प्रति सीमित सोच से बाहर निकाल कर नवीन दृष्टिकोण देता है। मुख्य वक्ता डॉ. मनोज छाबड़ा ने विद्यार्थियों को 'काव्य सृजन ' प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि कविता लेखन एक सुचिंतित कलात्मक प्रयास है जिसमें अपनी भावनाओं, अनुभव और कल्पना को एक विशिष्ट लय और संरचना में ढालकर नई कृतियों को उत्पन्न किया जाता है। मंच का संचालन डॉ. दीपक ने किया।


हिसार । मुख्य अतिथि का स्वागत करते आयोजक। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर हिंदी विभाग की प्रोफेसर डॉ. संगीता शर्मा, डॉ. सुमंगला वशिष्ठ, इतिहास विभाग अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. माया, डॉ. सुमन बाला, डॉ. संतोष, अमरनाथ, विजेंद्र सिंह, राजू व विद्यार्थियों ने कार्यशाला के सफल आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई।*

## युवाओं का भविष्य, परिवार व समाज को बर्बाद कर कर रहा नशा : राठौर


हिसार । अभियान चलाते हुए संस्था के पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सांझा प्रयास चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से केन्द्रीय खेल मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान' को गति देने के उद्देश्य से संस्था ने एक अनोखी पहल की।

इसके तहत गांव से गांव तक नशा मुक्त युवा अभियान की शुरुआत की गई। अभियान का शुभारंभ शहीद भगत सिंह पार्क गांव खासा महाजन में किया गया, जहां बड़ी संख्या में युवाओं एवं ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष कपिल राठौर एवं विशिष्ट अतिथि संस्था के जिला अध्यक्ष रजत वर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के संयोजक मनीष कुलरिया की ओर से यह आयोजन किया गया।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में मोनू, प्रदीप, साहिल, सुभाष, सुनील, अभिषेक, मनदीप, विकास, श्याम, सोनू, राकेश, सक्षम, बलवान, सुरेंद्र, श्रीकांत, रवि, राजू एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

### नगर निगम ने शहर से 22 बेसहारा पशुओं को पकड़कर भेजा गौ-अभ्यारण

**हिसार।** बेसहारा पशुओं को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर निगम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए शहर के विभिन्न इलाकों से कुल 22 आवारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण्य भेजा। इस अभियान का संचालन नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की निगरानी में किया गया। अभियान में पुलिस और तहबाजारी के इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा व उनकी टीम मौजूद रही। एएसआई संदीप बिश्नोई ने जानकारी दी कि निगमायुक्त नीरज के आदेशों पर यह मुहिम लगातार जारी है। सूर्य नगर, शिव कॉलोनी, 12 क्वॉटर रोड, सातरोड आदि क्षेत्रों से बेसहारा पशुओं को पकड़कर ढंढूर स्थित गौ-अभ्यारण्य पहुंचाया।

**अभियान का संचालन नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की निगरानी में किया**

## व्यवसाय शिक्षा अब केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं

**हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस में 'एसक्यूएल' पर चार दिवसीय कार्यशाला शुरू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। कार्यशाला में उपस्थित अतिथिगण एवं प्रतिभागी।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) में डेटावर्स क्लब द्वारा आईईसीएस एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के सहयोग से एमबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए चार दिवसीय 'एसक्यूएल' कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को हुआ। प्रशिक्षण रमेश सोनी द्वारा प्रदान किया जा रहा है। एचएसबी के डीन एवं निदेशक प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई ने उद्घाटन अवसर पर अपने स्वागत भाषण में कहा कि व्यवसाय शिक्षा अब केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं है। आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में डेटा विश्लेषण और डेटाबेस प्रबंधन जैसे कौशल विद्यार्थियों के करियर निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक हो गए हैं। एसक्यूएल जैसी भाषा विद्यार्थियों को डेटा के साथ कार्य करने, उपयोगी अंतर्दृष्टियाँ प्राप्त करने और प्रभावी निर्णय लेने में सक्षम बनाती है। यह कार्यशाला विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर उनके पेशेवर आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगी।

### डेटावर्स क्लब ने कार्यक्रम आयोजित किया

डेटावर्स क्लब के मेंटोर डॉ. प्रमोद कुमार एवं कार्यक्रम समन्वयक प्रो. दलबीर सिंह ने बताया कि क्लब का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग-उन्मुख तकनीकी कौशलों से सुसज्जित करना है ताकि वे डेटा-चालित व्यावसायिक परिवेश में प्रभावी भूमिका निभा सकें। डेटावर्स क्लब की उपाध्यक्ष प्रभुता ने मंच संचालन का दायित्व बखूबी निभाया और पूरे कार्यक्रम का संचालन अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया।

## सुरभि आर्ट गैलरी में रेजिन और लिप्पन आर्ट कार्यशाला का समापन

**हिसार।** सुरभि आर्ट गैलरी एवं इंस्टिट्यूट में हरियाणा की सुप्रसिद्ध लिप्पन आर्ट कलाकार डॉ गीता जांगड़ा एवं श्रीमती तनु अग्रवाल के मार्गदर्शन में रेजिन आर्ट व लिप्पन आर्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया । आर्ट गैलरी के सरक्षक डॉक्टर राजेश जांगड़ा ने बताया कि इस कार्यशाला में हर उम्र के विद्यार्थी, महिला व पुरुषों ने भाग लिया और लोक प्रचलित , विश्व प्रसिद्ध लिप्पन आर्ट व रेजिन आर्ट सीखी। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने दीवार घड़ी , ज्वेलरी मेकिंग, गायत्री मंत्र, गणेश मंत्र, जन्मदिन शुभकामनाएं , एनिवर्सरी की शुभकामनाएं, समुद्र के आकर्षक दृश्य, दीपावली उपहार , वरमाला संरक्षण इत्यादि बनाने सिखे। कार्यशाला में गुड़गांव, रेवाड़ी भटिंडा से आए हुए प्रतिभागियों सहित कुल 46 प्रतिभागियों में भाग लिया।

### नेताजी सुभाष जन कल्याण संगठन ने की बैठक

**हिसार।** नेताजी सुभाष जन कल्याण संगठन की बैठक बरवाला रोड स्थित जिंदल पार्क में मासिक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों द्वारा राष्ट्रीय गान का गायन किया गया एवं देशभक्ति के नारे जय हिंद, भारत माता की जय, जय तिरंगा, वन्दे मातरम तथा स्वतंत्रता सेनानी अमर रहें, नेताजी सुभाष चंद्र बोस अमर रहें के नारों से पार्क गूंज उठा। बैठक मे जिला अध्यक्ष अंजनी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विपिन मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष हवा सिंह पानू, स्वतंत्रता सेनानी परिवार से फूल कौर, वेद प्रकाश, मुरारी लाल शर्मा, मांगेराम, होशियार सिंह, सतीश कपड़ों व कुलदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

### मुकेश गोरछी बने कंप्यूटर यूनियन के प्रधान

हिसार। हरियाणा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर यूनियन की बैठक क्रांतिमान पार्क में भारतीय मजदूर संघ के जिला प्रधान विकास बिश्नोई की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए विकास बिश्नोई ने भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में हरियाणा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर यूनियन की हिसार जिला की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें मुकेश गोरछी को प्रधान, रीना व राहुल को उपप्रधान, कर्मबीर पनिहारी को जिला सचिव, मुकेश व संदीप को सहसचिव, आनंद को संयुक्त सचिव, अशोक को कोषाध्यक्ष, पंकज को सहकोषाध्यक्ष, विजेंद्र सिंह को मीडिया प्रभारी व सुमन को सह मीडिया प्रभारी चुना।

**सूचना**

मैं, सुभाष (आधार नं0 5554 7774 5426) पुत्र जोगी राम निवासी मकान नं0 2025, माडल टाउन, शान्ति निकेतन स्कूल, भूना जिला फतेहाबाद हाल आबाद गीता कालोनी, आजाद नगर हिसार तह० व जिला हिसार अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरी लडकी रितु जो कि बालिग है और हमारे कहने व सुनने से बाहर है। इसलिए मैं/ हम अब रितु को अपनी चल व अचल सम्पति से उससे बेदखल करता हूं । भविष्य में जो भी कोई उससे किसी प्रकार का लेन देन /व्यवहार करेगा उसका वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### आदमपुर से खाटू श्याम-सालासर बस यात्रा 25 को

**आदमपुर।** आदमपुर, हिसार व आसपास के भक्तों के लिए श्रीश्याम जन्मोत्सव पर शनिवार 25 अक्टूबर को 92वीं खाटू श्याम सालासर बालाजी बस यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष अमित गोयल व मुकेश गोयल ने बताया कि यात्रा में श्रद्धालु सालासर बालाजी व खाटू श्याम में दर्शन करेंगे। इसके अलावा 31 अक्टूबर को मथुरा-वृंदावन, गोवर्धन व बरसाना और पांच नवंबर को उज्जैन, सीहोर, सांवरिया सेठ, पुष्कर पारिवारिक बस यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

### स्वच्छता के नियमों का उल्लंघन पर किए चालान

**हिसार।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम सफाई ही नहीं, बल्कि नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई भी कर रहा है। नगर निगम की टीम ने साउथ बाइपास से आईटीआई चौक तोशाम रोड क्षेत्र में निरीक्षण किया। जिसमें कुल 6 रेहड़ी संचालकों के द्वारा स्वच्छता मानकों का पालन न करने पर जुर्माना किया गया। इस दौरान टीम ने ये चालान रेहड़ी संचालकों के द्वारा डस्टबिन न रखने पर किए गए। सीटीएल प्रदीप जाखड़ व तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू ने कहा कि निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार टीम ने चालान के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया।

### रिले व मिक्स रिले की ट्रायल कल 15 को गिरी सेंटर में

**हिसार।** करीब 13 वर्षों के बाद होने जा रहे हरियाणा ओलिंपिक गेम्स के लिए हिसार जिले की लड़के और लड़कियों की 4 गुणा 100 मीटर रिले, 4 गुणा 400 मीटर रिले और मिक्स रिले की ट्रायल 15 अक्टूबर को हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी स्थित गिरी सेंटर में होगी। एथलैटिक्स हिसार के महासचिव मनोज कड़वासरा और वरिष्ठ सह सचिव राजू कनोह ने आज बताया कि इसमें केवल हिसार जिले के खिलाड़ी जिनकी जन्मतिथि 2009 से पहले की है, वो ही इसमें भाग ले सकते हैं।

### जागरण में विख्यात कलाकारों ने भजनों से बांधा समां

**हिसार।** श्री बालाजी परिवार ऑटो मार्केट एवं सहयोगी संस्था श्री राम दूतम सेवा समिति द्वारा न्यू ऑटो मार्केट फेस 3 कम्युनिटी सेंटर में श्री बालाजी का 11वां विशाल जागरण बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समिति के प्रधान कुल प्रकाश गोयल बंटी ने बताया कि श्री शरद पूर्णिमा भंडारा सायं 5:15 बजे दीप प्रज्वलित करके श्री गणपति जी की आराधना करके श्री बालाजी का जागरण प्रारंभ हुआ।

### अशोक गर्ग कल बरवाला में जन शिकायतें सुनेंगे

**हिसार।** हिसार मंडल आयुक्त एवं दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अशोक कुमार गर्ग आईएएस, बरवाला में बिजली उपभोक्ताओं की सुनवाई करेंगे। 15 अक्टूबर को उप मंडल कार्यालय परिसर, बरवाला में प्रातः 10 बजे से लगने वाले इस 'समाधान शिविर' में प्रबंध निदेशक स्वयं उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई करते हुए लगातार शिकायतें आने तक मौजूद रहेंगे।

---

खेल स्टेडियम और पुस्तकालय निर्माण कार्य भी जल्द शुरू करने के निर्देश

# लोक निर्माण मंत्री ने नगर पालिका के नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन

**बरवाला क्षेत्र में नहीं होगा जलभराव**



बरवाला। महाराजा अग्रसेन चौक के समीप नगरपालिका के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने सोमवार को महाराजा अग्रसेन चौक के समीप नगरपालिका के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। नए भवन के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बरवाला वासियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जन कार्यों के बेहतर निपटान और आमजन मानस को सरकारी सेवाओं में सहुलियत देना सरकार की प्राथमिकता है। नगरपालिका के लिए नए भवन की काफी जरूरत थी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि नगरपालिका को अपग्रेड कर इसे नगर परिषद का दर्जा दिलाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि शहर के विकास और सौंदर्यकरण करने की जिम्मेवारी नगरपालिका की है इसलिए इस दिशा में स्थानीय निकाय के अधिकारी पूरी तत्परता के साथ कार्य करें। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हाल ही में लोक निर्माण विभाग के भवन निर्माण के अतिरिक्त कई अन्य परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। शहर में कई सामुदायिक केंद्र का निर्माण किया जा रहा है। जल्द ही खेल स्टेडियम का टेंडर भी कर दिया जाएगा। इसी प्रकार से पुस्तकालय का नक्शा भी तैयार कर लिया गया है।

इसका निर्माण कार्य भी जल्द ही किया जाएगा। बरवाला शहर को सुंदर बनाने के लिए यहां की गलियों व रास्तों के निर्माण कार्यों के लिए लगभग 12 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

इसी प्रकार से बरवाला क्षेत्र में जल निकासी की बडी परियोजना को आगामी मानसून सीजन से पहले कर लिया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद बरवाला शहर में जलभराव नहीं होगा।

**यह रहे उपस्थित**

इस अवसर पर जिला नगर आयुक्त नीरज, नगरपालिका चेयरमैन रमेश बैटरी वाला वाईस चेयरमैन ताराचन्द नलवा, बरवाला एसडीएम डॉ वेदप्रकाश बेनीवाल, पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू, पूर्व आईपीएस दलबीर भारती, देवेन्द्र शर्मा, मुनीश गोयल, महेश शर्मा, मोनू सन्धुजा, रामकेश बंसल, पवन शर्मा, नीरज शर्मा, सुरेश गोयल, देशराज वर्मा, नवीन काटपाल, मीनू रानी, जया, सोनिया, आनंद, सुमन, नरेश गोरखपुरिया, रोहतास ढुग्गल, राजेश व पूनम जांगड़ा आदि उपस्थित थे।

---

# महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज के ऑडिटोरियम में लिफ्ट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में ऑडिटोरियम के लिए लिफ्ट का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर मुंबई से बी. वेंकटेश कुमार, प्रोफेसर टाटा इंस्टिट्यूट आफ सोशल साइंस उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ऑडिटोरियम के साथ-साथ ऐसी लिफ्ट की सुविधा देने वाला यह पहला महाविद्यालय है। इस लिफ्ट निर्माण से अब सीनियर सिटीजन और दिव्यांग भी ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले भव्य सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आनंद उठा पाएंगे।



हिसार। लिफ्ट का शुभारंभ करते अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

**ग्राम्यांचल में अत्याधुनिक सुविधा का सपना हुआ पूरा**

इस अवसर पर हिंदू कालेज के पूर्व प्रोफेसर व प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. अशोक मित्तल व उनकी धर्मपत्नी उर्मिल मित्तल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने स्वागत भाषण में चेयरमैन भारत भूषण प्रधान ने कहा कि ग्राम्यांचल में अत्याधुनिक सुविधा देने का आज उनका सपना पूरा हुआ है और भविष्य में भी इसी प्रकार की तकनीकी सुविधाएं संस्थान को उपलब्ध करवाते रहेंगे। इस मौके पर महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा, प्राचार्या डॉ. शमीम शर्म आदि रहे।

### लायंस क्लब ने कैमरी आश्रम में दिया जरुरत का सामान

**हिसार।** लायंस क्लब हिसार-ए-फिरोजा द्वारा एक सेवा प्रकल्प का आयोजन श्रीकृष्ण प्रणामी आश्रम, कैमरी में किया गया। इसके तहत आश्रम के बच्चों और बुजुर्गों के लिए दवाइयां, तकिये, चादरें, जुराबें आदि वितरित के साथ ही भोजन की भी व्यवस्था की गई। यह सेवा प्रकल्प सुरेंद्र नैन की माता स्व. चन्द्रपति देवी की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्लब सदस्यों ने आश्रम के संचालक स्वामी राजदास महाराज के सान्निध्य में उनके प्रवचन सुने एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही सदस्यों ने बच्चों के साथ बैडमिंटन खेलकर सही रुप में सार्थक समय व्यतीत किया।



हिसार। विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### राज्य स्तरीय खेलों में लहराया परचम

**हिसार।** हरिकोट स्थित एसआर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में 6 मेडल अर्जित किए। 11 व 12 अक्टूबर को गोहाना में आयोजित हरियाणा शटलकॉक प्रतियोगिता में अपना बेहतरीन प्रदर्शन दिखाते हुए अंडर 13 श्रेणी(डबल) में अनिकेत व आयुष ने गोल्ड मेडल हासिल किया। एकल प्रतियोगिताओं में अक्षत ने गोल्ड मेडल, अनिकेत व आयुष ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। जबकि गुरुग्राम के आइस्केट रिंक में आयोजित हरियाणा बैंडी प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए परीक्षित व हिमांशु ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। स्कूल की प्राचार्या सारिका कामरा ने बेहतरीन परिणाम के लिए खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों व कोच अरुण खुंडिया को बधाई दी।

---

# द रॉयल सैनिक विद्यापीठ में छात्राओं को दी महिला सुरक्षा की जानकारी

छात्राओं को सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। महिला सुरक्षा एवं सामाजिक न्याय की जानकारी देते विशेषज्ञ।

शहर के द रॉयल सैनिक विद्यापीठ में पुलिस अधीक्षक शशांक सावन के दिशा-निर्देशन में महिला कॉन्स्टेबल नीलम और राजबीर कौर ने महिला सुरक्षा एवं सामाजिक न्याय की जानकारी साझा की। उन्होंने विद्यालय की छात्राओं को सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखना, किसी भी अनजान व्यक्ति पर अंधा विश्वास नहीं करना चाहिए। वहीं उन्होंने टोल फ्री नंबर 112 की जानकारी दी। विद्यालय प्रधानाचार्य पवन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आजकल सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों के द्वारा लड़कियों को अपने झांसे में फंसाकर उनके साथ छल-कपट और दुष्कर्म जैसी असामाजिक घटनाएं हो रही हैं। इन सबसे बचाव और सुरक्षा के लिए शहर के पुलिस अधीक्षक ने यह अभियान चलाया है कि विद्यालय जैसे संस्थान में लड़कियों को इन सबसे जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर विद्यालय के एनसीसी ऑफिसर पवन जांगड़ा सहित अनेक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### अनूप सिंह के हरियाणा राज्य अध्यक्ष नियुक्त

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत संगठन युरेशिया-एफ्रो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने हरियाणा राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की घोषणा की है। समाजसेवी एवं जनकल्याण के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने वाले अनूप सिंह चानौत को संगठन के ग्लोबल ह्यूमन राइट्स एंड सोशल जस्टिस काउंसिल का हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह निर्णय संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। बैठक में अनूप सिंह चानौत के सामाजिक योगदान, संगठनात्मक अनुभव, नेतृत्व क्षमता और जनता से गहरे जुड़ाव को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से यह जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई।

---

# पीजीएसडी शिक्षण संस्थान का पांच एकड़ में नए भवन का निर्माण किया जाएगा : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पीजीएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की शिक्षण संस्थानों का स्टाफ द्वारा शिक्षा क्षेत्र में लगातार अच्छा कार्य करने पर संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग ने शिक्षकों को नगद पुरस्कार व गिफ्ट देकर सम्मानित किया। संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग ने इस अवसर पर कहा कि पीजीएसडी शिक्षण संस्थान शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद में भी अव्वल स्थान पर रहता है। पीजीएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल चार बार हरियाणा में टॉपर रहा है और गोयंका गर्ल्स स्कूल पांच बार हरियाणा में टॉपर रहा है। बजरंग गर्ग ने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए स्कूल में हर प्रकार की सुविधा दी जा रही है। बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए पूरा स्टाफ रात-दिन लगा हुआ है। स्कूल में लगभग जरूरतमंद परिवार के बच्चे पढ़ रहे है।



हिसार। मुख्य अध्यापक व अध्यापिकाओं को सम्मानित करते पीजीएसडी शिक्षण संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर स्कूल के संरक्षक नारायण दास बंसल, सचिव सुरेंद्र सिंगला, प्रबंधक ओम प्रकाश असीजा, प्रिंसिपल सितेंद्र गोयल, मुख्य अध्यापक गंगा प्रसाद मौर्य, हेड अकाउंटेंट गुलाब सिंह राणा, मुख्य अध्यापिका अंगूरी देवी व रेनू पाहूजा आदि प्रतिनिधि मौजूद थे।

---

# सार्वजनिक स्थानों पर सावधानी से करे ब्लूटूथ का इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

सार्वजनिक स्थानों पर ब्लुटूथ एप का सावधानी से प्रयोग करें और यह ध्यान रखें कि कोई अन्य आपके ब्लुटूथ को कनेक्ट न करें। अन्यथा आप साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि डिजिटल क्रांति के इस युग में हमारा ज्यादातर काम ऑनलाइन हो गया है या फिर हम अपने मनोरंजन के लिए इंटरनेट यूज करते रहते है। शॉपिंग से लेकर बिल भरने तक बैंक से जुड़े भी कई काम करने में हम ऑनलाइन मोबाइल लैपटाप या अन्य डिवाइस का प्रयोग करते है।

**ब्लूटूथ से बढ़ा साइबर क्राइम का खतरा**

कई बार जालसाज आपके इन उपकरणों को विभिन्न तरीकों से हैक करके आपका डाटा चुरा कर साइबर क्राइम को अंजाम देते है। आजकल सक्रिय साइबर अपराधी साइबर अपराध करने के नए नए तरीके अपना रहे है। अब साइबर अपराधी लोगों से ठगी के लिए सार्वजनिक स्थानों पर ब्लूटूथ को हथियार बना रहे हैं। पुलिस द्वारा समय समय पर साइबर अपराध से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की जाती है ताकि आमजन सतर्क व सचेत रहकर अपने पैसे की सुरक्षा कर स सकते हैं।

# विजेंद्र सिंह को मिला श्री अरबिंदो सम्मान

जम्मू के पुलिस सभागार में राष्ट्रीय स्तर पर हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

जम्मू के पुलिस सभागार में रविवार को राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से समाजसेवा, शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। यह समारोह सेवा, संस्कार और समर्पण की भावना को समर्पित रहा। कार्यक्रम में विश्व प्रसिद्ध जैन संत आचार्य लोकेश मुनि जी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जबकि समारोह की अध्यक्षता डॉ. योगी अनूप नाथ ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा के ऑनलाइन उद्बोधन से हुआ। इस अवसर पर श्री विजेंद्र सिंह प्रजापति को उनके उल्लेखनीय सामाजिक योगदान के लिए श्री अरबिंदो सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया।



हांसी। राष्ट्रीय समारोह में विजेंद्र सिंह प्रजापति को श्री अरबिंदो सम्मान 2025 से सम्मानित करते डॉ. योगी अनूप नाथ, आचार्य लोकेश मुनि व अन्य अतिथि।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर सरोज प्रजापति दिनेश कुमार सुरेंद्र वर्मा अमित कुमार गीता नाथ अपूर्वा अदिति नेहा सतपाल सिंह चतर सिंह, वीरेंद्र सिंह, मुन्ना पाठक,राजकुमारी, एस के महापत्र सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे ।



हिसार। राजकीय महाविद्यालय में पदभार ग्रहण करते हुए प्रिंसिपल रेखा सलूजा।

### रेखा सलूजा ने राजकीय महाविद्यालय उकलाना में प्राचार्या का पदभार संभाला

**उकलाना।** सोमवार को राजकीय महाविद्यालय, उकलाना में रेखा सलूजा, एम.एस.सी. (कंप्यूटर साइंस), नेट, ने महाविद्यालय की प्राचार्या के रूप में कार्यभार संभाला। रेखा सलूजा को शिक्षण क्षेत्र में 26 वर्षों का समृद्ध अनुभव प्राप्त है। कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व वह राजकीय महाविद्यालय बरवाला में सह-प्राचार्या के पद पर कार्यरत थीं। लगभग एक वर्ष के अंतराल के बाद महाविद्यालय में स्थाई प्राचार्या की नियुक्ति होना समूचे महाविद्यालय परिवार के लिए हर्ष का विषय रहा। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय हिसार एवं बरवाला का स्टाफ भी रेखा सलूजा को कार्यभार ग्रहण करवाने के लिए उपस्थित रहा, जिससे समारोह का महत्व और भी बढ़ गया।

---

### चोरी के मोटरसाइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

**बरवाला।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में सनियाना निवासी संदीप उर्फ किफ़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही रमेश ने बताया कि इसस संबंध में बालक गांव निवासी अमित ने मोटरसाइकिल चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि वह 5 सितंबर को मोटरसाइकिल पर राधा स्वामी आश्रम बालक आया था और मोटरसाइकिल आश्रम के बाहर खड़ी की। जब वह बाहर वापस आया तो उसे वह मोटरसाइकिल नहीं मिली। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज करके छानबीन करते हुए आरोपी संदीप को गिरफ्तार करके उससे चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर ली।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### सेंट पॉल हाई स्कूल में लगाया दंत जांच कैंप



हिसार। दांतों की जांच करती डॉक्टर।

**हिसार।** स्माइल फॉर यूथ कार्यक्रम के तहत डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री टीम ने फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित सेंट पॉल हाई स्कूल में निशुल्क डेंटल चैकअप एवं जागरूकता कैंप लगाया। कैंप में डॉ सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री की टीम से डॉ. दीक्षा शर्मा और अभिषेक पांडे ने बच्चों के दंत स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें टूथब्रश करने का तरीका समझाया। इस दौरान करीब 230 बच्चों और उनके माता-पिता की मौखिक स्वास्थ्य की जांच एआई रोबोट द्वारा की गई। प्रिंसिपल अलका मैनी ने डेंटल चिकित्सा टीम के इस अभियान सराहा। इस अवसर पर दंत चिकित्सकों ने जागरूक करते हुए कहा कि कम उम्र ही बच्चों में स्वस्थ आदतें विकसित करनी चाहिए ताकि भविष्य में दांतों संबंधी किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने टुथब्रशिंग का सही तरीका बताया और अपने दांतों को स्वस्थ रखने के टिप्स भी दिए।

---

शिविर में 85 यूनिट रक्त किया एकत्रित

# समाज को मानवता के सूत्र में पिरोता है रक्तदान

एचएयू के कृषि महाविद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। डॉ. पवन कुमार रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय एकता शिविर के दौरान छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कृषि महाविद्यालय परिसर में 'रक्त दो-आशा दो, मिलकर हम जीवन बचाएं' विषय पर आयोजित किए गए शिविर में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार मुख्य अतिथि रहे।

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि रक्तदान समाज को मानवता, एकता और आपसी सहयोग के सूत्र में पिरोता है। रक्तदान न केवल दूसरों के लिए उपयोगी है बल्कि हमारे अपने स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। रक्तदान से शरीर में नई रक्त कोशिकाएं बनती हैं। आयरन का स्तर संतुलित रहता है और हृदय भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने बताया कि रक्तदान को महादान कहा गया है। यह एक ईश्वरीय कार्य है, क्योंकि रक्तदान किसी की जान बचाने का सबसे सरल और सबसे पवित्र

**युवाओं का अहम योगदान**

*कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुरेन्द्र पाहुजा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि रक्तदान करने में युवाओं का सबसे अधिक योगदान होता है। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षाविद, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।*